हिमाचल अभी अभी

ABHI ABHI

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

नई सोच नई खोज

प्रधान संपादक : डॉ. राजेश शर्मा साप्ताहिक

प्रेरक : स्व. पंडित बालकृष्ण शर्मा

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 12 अंक 37 कांगड़ा। शनिवार, 14 नवंबर -20 नवंबर, 2026 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 29 कार्तिक, विक्रमी संवत् 2083 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 | Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26

मंडी में एंटी चिट्टा वॉकाथॉन में उमड़ी भीड़, पड्डल से सेरी मंच तक रैली, सीएम सुक्खू ने नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

बीजेपी के कुछ नेता, जयराम ठाकुर को नेता प्रतिपक्ष के पद से हटाने को लगा रहे दिल्ली के चक्कर



■ राहुल कुमार

- सीएम बोले, विपक्ष विधानसभा के सदन में सवाल पूछें तो जवाब सुनने का धैर्य भी रखें
- शीतकालीन सत्र विपक्ष के लिए सवाल पूछने, जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने का महत्वपूर्ण अवसर
- कहा, आरोप लगाने या वाकआउट करने से जनता से जुड़े मुद्दों का समाधान नहीं होने वाला
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर निशाना साधते हुए बीजेपी में पांच गुट होने की बात दोहराई

चिट्टे के खिलाफ जन जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाते हुए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी में एंटी चिट्टा वॉकथॉन की अगुवाई की। यह वॉकथन ऐतिहासिक पड्डल मैदान से शुरू हुई और सेरी मंच तक निकाली गई। इसमें सीएम के साथ हजारों स्टूडेंट्स, युवा, टीचर, अभिभावक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस आयोजन के जरिए सरकार युवाओं और आम लोगों को चिट्टे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ नशे के खिलाफ एकजुट होने का संदेश दिया गया। सीएम सुक्खू ने युवाओं और आम लोगों से चिट्टे का सेवन नहीं करने की अपील की और शपथ दिलाई। सरकार का मानना है कि चिट्टे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस या किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें पूरे समाज की भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को चिट्टा मुक्त हिमाचल बनाने का सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया।

इससे इतर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि विपक्ष के नेताओं को सरकार से सवाल पूछने और आरोप लगाने के साथ-साथ उसका जवाब सुनने का धैर्य भी रखना चाहिए। विपक्ष को विधानसभा में वॉकआउट करने के बजाय सदन की चर्चा में हिस्सा लेना चाहिए। मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम ने कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र विपक्ष के लिए सवाल पूछने और जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने का महत्वपूर्ण अवसर है। ऐसे में विपक्ष को सदन की कार्यवाही में भाग लेकर अपनी बात रखनी चाहिए और सरकार का पक्ष भी सुनना चाहिए। सीएम ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधानसभा जनहित के मुद्दों पर चर्चा का प्रमुख मंच है। विपक्ष को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सदन में सवाल उठाने चाहिए।

सीएम ने कहा कि केवल आरोप लगाने या वॉकआउट करने से जनता से जुड़े मुद्दों का समाधान नहीं होगा। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही में सक्रिय रूप से भाग लें और चर्चा के माध्यम से अपनी बात रखें। सीएम सुक्खू ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर निशाना साधते हुए बीजेपी में गुटबाजी होने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी में पांच गुट बन चुके हैं और इन गुटों के बीच सामंजस्य बैठाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सीएम ने आरोप लगाया कि कुछ नेता जयराम ठाकुर को नेता प्रतिपक्ष के पद से हटाने के लिए दिल्ली के चक्कर लगा रहे हैं।

YouTube देखें वीडियो